# प्रवेशोत्सव शिक्षा के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक : राज्यपाल

**उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के बनाए 'स्कूल डैश-बोर्ड' का लोकार्पण किया**

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों के 13 केंद्रों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की**



प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में राज्यपाल के साथ प्रवेश लेने वाले बच्चे व अन्य।

देहरादून (एसएनबी)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने राजभवन में विद्यालयी शिक्षा विभाग के प्रवेशोत्सव-2025 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत कर उन्हें शिक्षण सामग्री वितरित की। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के सभी विद्यालयों के लिए निर्मित 'स्कूल डैश-बोर्ड' का लोकार्पण किया एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों के 13 केंद्रों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

यूटीयू ने समस्त राजकीय विद्यालयों की सम्पूर्ण जानकारी एक स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए स्कूल डैश-बोर्ड तैयार किया है। इसमें विश्वविद्यालय ने 13 जिलों में स्थित 16055 राजकीय विद्यालयों के सम्पूर्ण विवरण के साथ विद्यालयों के प्रधानाचार्य या प्रधानाध्यापक के साथ-साथ डैशबोर्ड के एडमिन को अपने लाग-इन से जानकारी उपलब्ध होने एवं उन्हें देखने की सुविधा प्रदान की है। वर्तमान में डैशबोर्ड पर 13 जिलों के 95 ब्लाक में 16055 विद्यालयों में अध्ययनरत सम्पूर्ण छात्रों व शिक्षकों के साथ अवस्थापना सुविधाओं का विवरण अपलोड है।

राज्यपाल ने 'स्कूल डैशबोर्ड' को साकार करने के लिए वीर माधो सिंह भण्डारी टेक्रिकल यूनिवर्सिटी, तकनीकी विशेषज्ञों, और सभी शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि यह केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं है, बल्कि यह उत्तराखण्ड की शिक्षा के क्षेत्र में टेक्नोलाजी क्रांति की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक भी है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रवेशोत्सव का यह अवसर केवल आयोजन नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हर वर्ष शैक्षिक सत्र की शुरुआत में, हम नव-प्रवेशी बच्चों को केवल स्कूल में नहीं लाते, बल्कि उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। राज्यपाल ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय को जिनमें छात्रावासों में रहकर वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं, को अनुपम पहल बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा इन छात्रावासों का उच्चीकरण कर इन्हें कक्षा 12वीं तक विस्तारित करना एक दूरदर्शी निर्णय सिद्ध होगा।

इस कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल एवं सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक डा. तृप्ति श्रीवास्तव सहित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों के वार्डन, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।